आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.10.2023/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महा स्वच्छता अभियान का किया नेतृत्व –स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत देशभर में लगभग सात लाख कार्यक्रम किए गए आयोजित
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में शीघ्र स्थापित किया जाएगा कंमाडो बल।
- केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने स्वच्छ भारत 3.0 अभियान का किया शुभारंभ–लोगों से स्वच्छता में योगदान देने का किया आहवान।
- केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भव्य राम मंदिर निर्माण को बताया भविष्य के भारत की नींव।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में चलाए गए स्वच्छता ही सेवा महाभियान का नेतृत्व किया। उनके एक तारीख एक घंटा एक साथ अभियान के आहवान पर आज देशभर में लोगों ने भी बढ़चढ़ कर भागीदारी की। प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी की जंयती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आज सुबह 10 बजे स्वच्छता अभियान के लिए नागरिकों से एक घंटे के श्रमदान की अपील की थी। इस अवसर पर सभी वर्गों के लोगों ने बाज़ार परिसरों, रेलपटरियों, जलाश्यों, पर्यटन और पूजा स्थलों सहित सार्वजनिक स्थानों पर सफाई कार्य में हिस्सा लिया। इस अभियान में देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 7 लाख स्थलों पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। लगभग एक लाख आवासीय इलाकों में आवासीय कल्याण समितियों ने श्रमदान में भागीदारी की इसमें थलसेना, नौसेना, और वायुसेना राष्ट्रीय आपदा मोचनबल, केन्द्रीय जांच ब्यूरो व अन्य विभागों के कर्मियों ने भी आम लोगों के साथ स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

सुखविंदर सिंह

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में शीघ्र ही कंमाडो बल स्थापित किया जाएगा। पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज डरोह में आज पासिंग आउट परेड की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कांगड़ा में पुलिस अकादमी स्थापित करने पर भी विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पुलिस बल के सशक्तिकरण के लिए पुलिस विभाग में आरक्षियों के एक हजार 2 सौ 26 पद भरने की स्वीकृती प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस का आधुनिकीकरण सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉनसून के दौरान आई आपदा में पुलिस ने सराहनीय भूमिका निभाई है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने 2 सौ 71 महिला प्रशिक्षुओं सहित एक हजार 93 प्रशिक्षु पुलिस आरक्षियों की परेड का निरीक्षण किया व भव्य मार्चपास्ट की सलामी भी ली।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन ने आज शिमला ग्रामीण क्षेत्र के शोघी में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की उपस्थिती में बिजनेस प्रमोशन सेंटर का उदघाटन किया। इस सेंटर के नवीनीकरण पर एक करोड़ 57 लाख रूपए खर्च किए गए है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश के हर औद्योगिक क्षेत्र में एक बिजनेस प्रमोशन सेंटर खोलने के प्रयास किए जाएगें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योगों के विकास व विस्तार के प्रयास किए जा रहे ताकि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला से भीड़ कम करने के लिए आसपास के क्षेत्रों का योजनाबद्ध तरीके से विस्तार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस मक्सद से जाठिया देवी में आवासीय कालोनी के निर्माण के लिए 12 सौ बीघा ज़मीन का अधिग्रहण किया जा चुका है, जिसका निर्माण कार्य 5 सौ करोड़ रूपए से शहरी विकास मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एडस के बारे में समाज को जागरूक करने के लिए शिमला के रिज से आज राज्य स्तरीय मैराथन का शुभारंभ किया। इस मैराथन में प्रदेश के 7 जिलों से विभिन्न श्रेणियों के 66 युवाओं ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 5 हजार 3 सौ एडस रोगी है, जिन्हें निशुल्क उपचार व सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एडस संबंधी जानकारी देने के लिए एक शून्य नौ सात हेल्पलाईन स्थापित की गई है। मुख्मयंत्री ने समाज को एडस के बारे में जागरूक बनाने के लिए सोशल मीडिया की भूमिका पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि एडस रोगियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नीतियां व योजनाएं तैयार की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि आर्थिक तंगी के बावजूद प्रदेश सरकार ने आपदा प्रभावितों को राहत प्रदान की है। आज चंबा में विधायक नीरज नैयर की माता के निधन पर शोक व्यक्त करने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्ण क्षतिग्रस्त मकान पर मिलने वाली राहत राशि को राज्य सरकार ने एक लाख 30 हजार रूपए से बढ़ाकर 7 लाख रूपए कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंबा से शिमला की दूरी कम करने के लिए 2 साल के भीतर यहां हैलिपोर्ट का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चंबा मैडिकल कॉलेज में चिकित्सकों की सुविधा मुहैया करवाने के अलावा भवन निर्माण के प्रति भी सरकार गंभीर है। सुखविंदर सिंह ने कहा कि चंबा मैडिकल कॉलेज के लिए वर्तमान सरकार ने एक सौ 50 करोड़ रूपए मुहैया करवाए है। उन्होंने कहा कि कोविड काल में चिकित्सा विभाग में रखे गए कर्मचारियों के भविष्य को लेकर जल्द कोई फैसला लिया जाएगा।

अनुराग

केन्द्रीय सूचना एंव प्रसारण और युवा मामले व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर जिले के दियोटसिद्ध में स्वच्छ भारत 3.0 अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज से 31 अक्तूबर तक देश के सभी जिलों में नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से स्वच्छ भारत 3.0 अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से  स्वच्छता को एक जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। अनुराग ठाकुर ने सभी लोगों से इस अभियान में जुड़ने व स्वच्छता के लिए अपना योगदान देने का आहवान किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को सप्ताह में कम से कम दो घंटे और साल में 100 घंटे स्वच्छता को समर्पित करने की शपथ दिलाई। अनुराग ठाकुर ने कहा कि धर्मशाला में होने वाले विश्वकप क्रिकेट मैच हिमाचल के लिए गौरव की बात है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केन्द्र सरकार ने आपदा राहत के लिए प्रदेश की हरसंभव मदद की है और अब तक 8 सौ 62 करोड़ रूपए की मदद प्रदेश सरकार को प्रदान की गई है। उन्होंने बाद में हमीरपुर के गौतम गलर्ज कॉलेज में युवा उत्सव के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया।

उन्होंने कहा कि युवा उत्सवों के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के अलावा देश की समृद्ध संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन भी होता है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि युवाओं को नशे जैसी गंभीर समस्या से दूर रखने में भी इस तरह की गतिविधियां काफी सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने युवाओं से मेरी माटी मेरा देश अभियान, स्वच्छता अभियान और अन्य राष्ट निर्माण व सामाजिक गतिविधियों में भी अधिक से अधिक भागेदारी सुनिश्चित करने का आहवान किया।

केन्द्रीय सूचना प्रसारण, युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि भव्य राम मंदिर निर्माण भविष्य के भारत की नींव है। आज बजरंग दल हमीरपुर के तत्वाधान में दियोटसिद्ध में शोर्य जागरण यात्रा के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर का शिलान्यास किया था, और लोगों के सहयोग से एक अविस्मरणीय मंदिर निर्माण अयोध्या में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2024 को इसका लोकार्पण कर आम जनमानस को समर्पित कर दिया जाएगा।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के ठेहड़ में लोकभवन व पंचवटी पार्क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिवा प्रोजेक्ट के अन्दर 13 सौ करोड़ रूपए की मदद से किसानों बागवानों को सिंचाई सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। जगत नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने निशानदेही, इंतकाल व तकसीम जैसे मामलों में समय निर्धारित किया है और मामलों को समय पर न निपटाने वालो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने हार चक्कियां में उप तहसील भवन की साईट का भी निरीक्षण किया।

अनिरूद्ध सिंह

पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज शिमला में जनसमस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि न्यू शिमला में पार्किंग की समस्या पर गहनता से विचार विर्मश किया जाएगा, और शीघ्र ही हिमाचल पथ परिवहन निगम की छोटी ई–बसें उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने न्यू शिमला में वन विभाग को पेड़ों के कटान व विद्युत विभाग को हाई टेंशन लाईन के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

स्वच्छता अभियान

भाजपा द्वारा प्रत्येक मंडल में स्वच्छता के 6 हजार 4 सौ 12 कार्यक्रम चलाए गए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि महात्मा गांधी की उच्च सोच को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे ले जा रहे है। उन्होंने 2 अक्तूबर को खादी दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों से खादी खरीदने का आहवान किया। बिंदल ने कहा कि खादी हमारी संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान रखती है, और इसे खरीदनें से स्थानीय कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उधर मनाली भाजपा मंडल ने माता हिडिम्बा मंदिर के प्रांगण से मनाली बाजार तक सफाई अभियान चलाया जिसमें अढ़ाई सौ लोगों ने भाग लिया। चंबा जिला में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित विशेष 3 सौ 25 स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि जिले में सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को कचरा मुक्त बनाने को लेकर अभियान के तहत विभिन्न विभागों के कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों व पंचायत स्तर पर चिन्हित स्थानों पर स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गई। किन्नौर ज़िले की प्रत्येक पंचायत में ग्रामीणों ने सफाई अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लिया। लोगों ने मिलकर मंदिर और सरकारी संस्थाओं के अलावा सभी गली–मोहल्ले में सफाई अभियान चलाया।